समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी शुभकामनाएं

राजेश चौधरी

Published on 21 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़
राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आज भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नितिन नबीन** से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को पूर्ण विश्वास है कि श्री नितिन नबीन के सक्षम मार्गदर्शन में पार्टी संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसेवा के कार्यों को भी नई दिशा मिलेगी।

भेंट के दौरान पार्टी संगठन, आगामी कार्यक्रमों और देश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को राजस्थान सरकार की ओर से शुभेच्छाएं प्रेषित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्यों के समन्वय से देश प्रगति के पथ पर और तेज़ी से आगे बढ़ेगा।

यह शिष्टाचार भेंट पार्टी के भीतर संगठनात्मक एकता और सहयोग की भावना को दर्शाती है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.